पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिले केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री
श्री नाईक ने मध्य कमान स्थित स्मृतिका ले जाकर भित्ती चित्र दिखाये

लखनऊः 19 अगस्त, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे0पी0 नड्डा ने शिष्टाचारिक भेंट की। स्वास्थ्य मंत्री आज लखनऊ में आयोजित तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होने के लिये आये।

राज्यपाल के साथ केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा मध्य कमान स्थित स्मृतिका भी गये, जहां उन्होंने मरणोपरान्त परमवीर चक्र से सम्मानित शाहजहाँपुर निवासी नायक जदुनाथ सिंह, गाजीपुर निवासी हवलदार अब्दुल हमीद तथा लखनऊ निवासी कैप्टन मनोज पाण्डेय के भित्ति-चित्र भी दिखाये।

राज्यपाल ने श्री नड्डा को बताया कि प्रख्यात शिल्पकार, श्री उत्तम पाचारणे ने अपनी इच्छा बताई थी कि वे परमवीर चक्र से सम्मानित देश के वीर योद्धाओं के उठाव चित्र बनाना चाहते हैं जिसके पीछे युद्ध भूमि के दृश्य प्रदर्शित किये जाये। राज्यपाल ने कहा यह कल्पना पसन्द आयी थी। 'मैंने सोचा क्यों न यह कार्य उत्तर प्रदेश से आरम्भ किया जाये। प्रदेश सरकार एवं लखनऊ के मध्य कमान ने उनके सुझाव को मानते हुए इसे मूर्त रूप दिया। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जे0पी0 नड्डा ने भित्ती चित्र देखने के बाद उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा भी की। राज्यपाल ने इस अवसर पर श्री नड्डा को काकोरी शहीद स्मारक सहित शहीदों से जुड़े अन्य स्थानों के बारे में भी जानकारी दी।

अंजुम/ललित/राजभवन (295/25)

CAPTAIN MANOJ KUMAR PANDEY
ऑपरेशन विजय 1999
कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय
25 जून 1975 से 03 जुलाई 1999